तुमसे ना बोलूं बता फिर और किसे बोलूं भजन लिरिक्स

तुमसे ना बोलूं,
बता फिर और किसे बोलूं,
लोग हंसेगे सांवरिया,
दिल में किन से खोलूं,
तुमसे ना बोलूँ,
बता फिर और किसे बोलूँ।bd।

यूँ तो दुनिया में,
सभी तो अपने है,
पर अपने ही क्यों,
अपनों को ठगते है,
रो लिया दुनिया के आगे,
तेरे आगे रो लूँ,
तुमसे ना बोलूँ,
बता फिर और किसे बोलूँ।bd।

है कृपा तेरी,
तभी तो जिन्दा हूँ,
पर गुनाहों से,
श्याम शर्मिंदा हूँ,
आकर के दरबार,
तेरे मैं पाप,
जरा से धो लूँ,
तुमसे ना बोलूँ,
बता फिर और किसे बोलूँ।bd।

हार गया हूँ मैं,
मुझे अब अपनाओ,
अपनों से हारा,
मुझे ना ही ठुकाराओ
नींद गयी मेरा चैन गया,
तेरी गोद में,
सर रख सो लूँ,
तुमसे ना बोलूँ,
बता फिर और किसे बोलूँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुमसे ना बोलूं,
बता फिर और किसे बोलूं,
लोग हंसेगे सांवरिया,
दिल में किन से खोलूं,
तुमसे ना बोलूँ,
बता फिर और किसे बोलूँ।bd।

Singer – Kanhiya Mittal Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com